हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

10 माता मावली मड़ई का मेला धूमधाम से संपन्न



11 बटालियन ने ग्रामीणों को बांटे जरूरत के सामान





# 3.88 करोड़ बकाया के लिए 3531 उपभोक्ताओं का काटा गया कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर संभाग के सातों जिलों में विद्युत कंपनी बकाया बिल की वसूली के लिए डिस्कनेक्शन अभियान को तेज किया गया है। इसमें तीन करोड़ 88 लाख 44 हजार 262 रूपए बकाया के लिए 3531 उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटा गया। साथ ही अभियान के दौरान ही बकायादार 18 हजार 925 उपभोक्ताओं से 5 करोड़ 32 लाख 62 हजार 625 रूपए वसूला गया। इससे वर्तमान में दो लाख 59 हजार 548 रूपए बिजली बिल बकाया है। इस दौरान सातों जिलों में एक लाख रुपए बिजली बिल बकाया के 475 उपभोक्ताओं पर 17 करोड़ 94 लाख 21 हजार 177 रुपए का बिजली बिल बकाया है, पर ऐसे बकायादारों की विद्युत कनेक्शन नहीं काटा गया, जिससे 500-1000 वाले उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। बताया जा रहा है कि विद्युत वितरण केन्द्रों और जोन में गठित टीमें सुबह से शाम तक बकायादार उपभोक्ताओं के घर, प्रतिष्ठानों में पहुंच रही है। बकाया का भुगतान नहीं करने पर तत्काल बिजली कनेक्शन काटी जा रही है, जिससे टीम से कुछ बकायादार उपभोक्ताओं से विवाद भी हो रहा है।

## डिस्कनेक्शन अभियान में 18925 उपभोक्ताओं से 5.33 करोड़ वसूला

### लापरवाही पर होगी कार्रवाई

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि डिस्कनेक्शन अभियान तेज करें, लापरवाही होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।





### डीई, एई व जेई को दिए निर्देश

अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू ने कहा कि डिस्कनेक्शन अभियान में कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिए कि बकाया निरंक करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को कंपनी की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इसलिए बकाया की वसूली उपभोक्ताओं घरों, प्रतिष्ठानों में पहुंचकर एवं मोबाईल से चर्चा करें, जिससे बकाया का भुगतान हो सके।

## खबर संक्षेप




### बस्तर संभाग में मिले 278 डेंगू व 67 जेई पीड़ित

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में स्वास्थ्य विभाग को डेंगू के 278 एवं जेई के 67पीड़ति मरीज मिले। बस्तर जिले में 218 लोग डेंगू के चपेट में आए हैं, जबकि 41 मरीज रहे, निचली बस्तियों में दवा का छिड़काव किया गया। इसके रोकथाम के लिए लगातार प्रयास भी किए जा रहे हैं। इसके अलावा इस बीमारी के चपेट में आने वाले मरीजों को भी बेहतर इलाज देने की कोशिश की जा रही है। डेंगू को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है, लोगों का यह भी मानना है कि निजी अस्पताल में ज्यादा बेहतर इलाज हो सकेगा। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को सरकारी अस्पतालों में इलाज करवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा जिन इलाकों में सबसे ज्यादा डेंगू के मरीज सामने आए हैं उन इलाकों में लार्वा को खत्म करने के लिए दवा का छिड़काव किया जा रहा हैं। बस्तर जिले में 218 डेंगू, 41 जेई, बीजापुर जिले में 27 डेंगू, 9 जेई, दंतेवाड़ा जिले में 5 डेंगू, 11 जेई, कांकेर जिले में 7 डेंगू, कोंडागांव जिले में 9 डेंगू, 2 जेई, नारायणपुर जिले में 2 जेई एवं सुकमा जिले में 12 डेंगू और 2 जेई मरीज मिले। स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. महेश सांडिया ने सातों जिलों के सीएमएचओ को निर्देश दिया कि डेंगू के प्रकोप को रोकने के लिए प्रयास करें, डेंगू के लार्वा को खत्म करें। हालांकि स्वास्थ विभाग मैदानी क्षेत्रों में डेंगू के प्रकोप को रोकने के लिए पूरी तरह से कोशिश कर रहा है।

### पीड़ित परिवारों को 12 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधानों के तहत तीन अलग-अलग मामलों में पीड़ित परिवारों को कुल 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति की गई है। जिसके तहत तहसील राजीव गांधी वार्ड निवासी 18 वर्षीय संदीप बाघ की शबरी नदी में डूबने से हुई मृत्यु होने के कारण पिता प्रेमशील बाघ, ग्राम कोरपाल की कमला कारटामी की गड्ढे के पानी में डूबने से हुई मृत्यु होने के कारण पति सुकटा कारटामी और ग्राम मारकेल के धरम सिह की बिच्छू के काटने से हुई असामयिक मृत्यु होने के कारण पत्नि सुदरी को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### आटो में मीटर नहीं तो होगी कार्रवाई 10



**जगदलपुर।** परिवहन विभाग द्वारा आटो का परमिट, लायसेंस एवं मीटर की जांच की जा रही है। साथ ही 10 वर्ष पुराने आटो का पंजीयन निरस्त किया जाएगा। इसके लिए उड़नदस्ता प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। विभाग के सूत्रों अनुसार शहर एवं आसपास सड़कों में हजारों आटो चल रहे हैं, पर किसी आटो पर मीटर नहीं है। इसके आलावा कई आटो बिना परमिट, चालकों पर लायसेंस नहीं होने पर भी बेधड़क सड़क में चल रहे हैं। इसमें आटो का परमिट, चालक का लायसेंस, आटो में मीटर आदि की जांच के लिए परिवहन विभाग द्वारा अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जिन आटो पर मीटर नहीं रहेंगे उस आटो पर सक्त कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि राज्य परिवहन प्राधिकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि राज्य में पंजीकृत सवारी आटो रिक्शा को ⏭ शेष पेज 10 पर

**दुर्घटना :** आसना के पास अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दूसरे में डिवाइडर से टकराई बाइक

# सड़क हादसे में बस्तर फाइटर के जवान समेत दो की मौत

दोनों मामलों की पुलिस कर रही जांच सीसीटीवी भी खगांले जा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर







कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित आसना के करीब तथा लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र के नारायणपाल के करीब बीती रात हुए दो सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई। आसना के करीब बस्तर फाइटर के जवान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं नारायणपाल के करीब डिवाइडर से टकराने से घायल हुए युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

जानकारी के मुताबिक पहली घटना मंगलवार रात आसना के करीब हुई। ड्यूटी पर आ रहे बस्तर फाइटर के जवान को एनएच 30 आसना के करीब अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में जवान भरत भारती 25 वर्ष की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आसना के पास हुए हादसे में बस्तर फाइटर में बतौर आरक्षक के रूप में पदस्थ 25 वर्षीय भरत भारती निवासी छोटे देवड़ा रात्रि ड्यूटी पर जगदलपुर की ओर आ रहा था, उसी समय हादसा हुआ। हादसे में भरत की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामले की पड़ताल कर रही पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जवान की मौत की खबर से उसके साथियों में शोक की लहर दौड़ गई है। बुधवार को पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### डिवाइडर से टकराई बाइक

एक अन्य नारायणपाल के पास डिवाइडर से बाइक के टकराने से हुआ। डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी बाद में उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गढ़िया लोहंडीगुड़ा निवासी 22 वर्षीय बलवीर मौर्य अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपनी मां को छोड़ने बोदरा गया हुआ था। वापसी के दौरान अनियंत्रित होकर वह नारायणपाल के करीब डिवाइडर से जा टकराया। इस भीषण दुर्घटना में बलवीर के सिर में गंभीर चोटें आईं थी। आसपास के लोगों की मदद से उसे तत्काल लोहंडीगुड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दोनों घटनाओं में मामला दर्ज कर पुलिस पड़ताल कर रही है।

# मध्यान्ह भोजन में पत्ता गोभी की सब्जी खाने से 24 बच्चों की तबीयत बिगड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय प्राथमिक शाला अरंडवाल के बच्चों की तबीयत खराब होने की सूचना मिलने पर कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री ने स्कूल का दौरा किया। जानकारी लेने पर पता चला कि मध्यान्ह भोजन में पत्ता गोभी की सब्जी खाने पर सभी बच्चों की तबीयत बिगड़ी थी। मध्यान्ह भोजन उपरांत सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल फाइलेरिया की गोली देने की सूचना शिक्षक सुनील मिंज और नीला राम बघेल ने दी। इस दौरान ग्राम की मितानिन सोनदाई, लच्छमति, सुबली और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मेटे मौर्य और और दिनेश्वरी बघेल उपस्थित थे। बच्चों के स्वास्थ्य खराब होने की सूचना मिलने पर तोकापाल ब्लाक के आरएमए राजेंद्र कुमार साहू और सीएचओ बड़े आरापुर रिंकी भगत ने पहुंचकर प्रभावित बच्चों को उपचार सुविधाएं दी । कुल 24 बच्चे प्रभावित पाए गए जिसमें 10 बालक और 14 बालिकाएं थी। वहीं कक्षा दूसरी की छात्रा मंगली पिता फूलसिंह 8 वर्ष को ज्यादा कमजोरी लगने पर निगरानी चिकित्सा हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तोकापाल में भर्ती किया गया है ।

- प्रभावितों में 10 बालक और 14 बालिकाएं

### बच्चों की स्थिति सामान्यः बीएमओ

मौके पर बच्चों के उपचार की निगरानी कर रहे खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ ऋषभ साव ने बताया कि सभी बच्चों की स्थिति सामान्य है।

# सूअर की बलि देकर बस्तरिया भवन का लगाया पोस्टर

प्रतापदेव वार्ड की विवादित जमीन पर मूलनिवासी समाज ने जताया दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर






शहर के प्रतापदेव वार्ड में सरकारी क्वार्टर तोड़े जाने के बाद से विवादों में घिरी जमीन एक बार फिर सुर्खियों में है। पहले यहां मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने की योजना बनी, डीपीआर भी तैयार हुई, लेकिन कोरोना काल में मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इसके बाद जमीन दिगम्बर जैन समाज को मंदिर निर्माण के लिए दिए जाने की चचार्ओं ने सियासी पारा चढ़ा दिया। मेन रोड के व्यापारियों और कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के बाद यह मुद्दा गरमा गया। इसी बीच भूमकाल स्मृति दिवस पर निकली मूलनिवासी समाज की रैली जब इस स्थल पर पहुंची तो घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया। समाज के लोगों ने पारंपरिक जात्रा की रस्म अदा करते हुए सूअर की बलि दी और भूमि को अपनी पैतृक संपत्ति बताते हुए दावा पेश किया। उनका कहना था कि यह जमीन ऐतिहासिक रूप से जगतू माहरा की रही है और मूल निवासियों की धरोहर है।

- सरकारी क्वार्टर टूटने के बाद मल्टी स्टोरी पार्किंग से मंदिर तक की मांग उठी

### बाहर से आने वाले लोगों को मिलेगी सुविधा

मूलनिवासी समाज के पदाधिकारियों ने घोषणा की कि यहां बस्तरिया भवन का निर्माण किया जाएगा,जिससे बस्तर दशहरा जैसे आयोजनों में बाहर से आने वाले लोगों को ठहरने की सुविधा मिल सके। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन को कई बार पत्र देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। चेतावनी दी गई कि हस्तक्षेप होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# बस आपरेटरों व दुकान सचांलकों की बोधघाट पुलिस ने लगाई क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टेण्ड में यात्रियों को हो रही परेशानी से निजात दिलाने बोधघाट पुलिस ने बस स्टेण्ड में बेतरतीब खड़ी की जाने वाले दर्जन भर से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए बुधवार को बस आपरेटरों व बस स्टेण्ड के बाहर व अंदर दुकान संचालित करने वालों की थाना परिसर में क्लास लगाते हुए उन्हें समझाईश दी गई।

गौरतलब है कि अंतर्राज्यीय बस स्टेण्ड में आए दिन यात्रियों को हो रही परेशानी व लगातार शिकायत के बाद हरकत में आई बोधघाट पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को बेतरतीब खड़ी दर्जन भर से अधिक दुपहिया वाहनों को जब्त कर थाने लाया गया। वाहन चालकों को दुबारा बस स्टेण्ड में वाहन नहीं खड़ी करने समझाईश देते हुए चालानी कार्रवाई करते हुए जाने दिया गया। वहीं बुधवार को बस स्टेण्ड के बाहर व अंदर संचाचित दुकान सचांचकों व बस आपरेटरों को थाना बुलाया गया और उन्हें समझाईश दी गई। बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने थाने में आमत्रित कर बस आपरेटरों व दुकान सचांलको को दुपहिया व चारपहिया वाहनों के चलते यात्रियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया और उन्हें बताया कि इन वाहनों के चलते यात्रियों को असुवधिा हो रही है इसकी लगातार शिकायत मिल रही है। थाने में मौजूद आपरेटरों व दुकान सचांलकों ने बताया कि अधिकतर दुपहिया वाहने उन लोगों को है जो आसपास के क्षेत्रों में नौकरी करने बस से जाते हैं अपने वाहनों को बस स्टेण्ड में पार्क कर देते है। ऐसे वाहन चालकों को भी समझाईश दी गई है और उन्हें पार्किंग में ही वाहनों को खड़ी करने निर्देशित किया गया।

- नए बस स्टैंड में खड़ी दर्जन भर दुपहिया वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई

### सहयोग की अपील

बस आपरेटरों व दुकान सचांलकों से निरीक्षक लीलाधर राठौर ने वाहनों के चलते यात्रियों को हो रही असुविधा को देखते हुए वाहनों को बेतरतीब नहीं खड़ी करने में सहयोग करने कहा गया है। वहीं सभी से अपील की गई कि बस स्टेण्ड में आने वाले बाहरी व आपराधिक तत्वों की सूचना बस स्टेण्ड चौकी व थाने में दें ताकी ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। सभी ने थानेदार को पूर्ण सहयोग करने तथा आपराधिक गतिविधियों तथा तत्वों की जानकारी देने की बात कही गई।

**स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में किड्स कार्निवल वार्षिकोत्सव**

# मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने सपनों पर विश्वास रखें : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



स्वामी विवेकानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में किड्स कार्निवल वार्षिकोत्सव विधायक किरण देव एवं महापौर संजय पांडे की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती माता पूजन एवं वंदना से हुई। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। विद्यार्थियों ने आकर्षक नृत्य, माइम, बांसुरी वादन एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दी। किरण देव ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा सुसंयोजित, रचनात्मक और प्रेरणादायी कार्यक्रम के लिए विद्यालय परिवार शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने अपने बचपन के अनुभव को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। कहा मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने सपनों पर विश्वास रखें। साथ ही मेहनत व संस्कारों के साथ आगे बढ़ें। महापौर ने गुरु श्लोक से संबोधन की शुरूआत की और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मेमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

- स्वामी विवेकानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी स्कूल में बच्चों का धमाल



### मनिंदर को अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंसी

व्याख्याता मनिंदर रेवतकर को संपूर्ण शैक्षणिक वर्ष में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने पर अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंसी से सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं गणित संकाय में अध्ययनरत अजय सिंह को बेस्ट स्टूडेंट का सम्मान मिला। साथ ही कक्षा शिक्षकों को विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं खेल कूद प्रतियोगिता एवं अन्य प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर एम.आई.सी सदस्य सुरेश गुप्ता एवं राणा घोष, पार्षद पारुल नवीन बोथरा एवं गिरजा गुप्ता, योगेश ठाकुर, योगेश शुक्ला, प्रमिला कपूर, किशोर महावर, चंद्रशेखर राव, प्राचार्य मनीषा खत्री, स्टाफ, विद्यार्थीगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे। संचालन व्याख्याता नीति नेताम वट्टी एवं मनिंदर रेवतकर ने किया।

# खरीदी बंद, खुले में पड़ा है हजारों बोरा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



समर्थन मूल्य पर धान की सरकारी खरीदी बंद हो गई है। खरीदी केंद्रों में खुले में हजारों क्विंटल धान पड़ा है। हरिभूमि ने संभाग मुख्यालय से महज 7 किलोमीटर दूर के कुरंदी खरीदी केंद्र का बुधवार को जायजा लिया। प्रवेश द्वार को बांस के गेट से बंद किया गया है। दोपहर में केवल एक ग्रामीण ही सुरक्षा के लिए तैनात रहा। उसने बताया कि प्रभारी हरेश सेठिया आज नहीं आएं हैं , बाहर गए हुए हैं। वहीं अन्य कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं था। खरीदी बंद होने के बाद भी उठाव नहीं होने से हजारों बोरा धान भगवान भरोसे पड़ा है। इस संबंध में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि जिला विपणन अधिकारी मिलर्स को धान उठाने के लिए आरओ काटते हैं। वे ही बता सकते हैं कि धान का उठाव खरीदी केंद्रों से क्यों नहीं हो रहा हैं।

### जानकारी लेंगे

सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि रात के समय चोरी और मवेशियों से नुकसान की संभावना रहती है इसलिए जल्दी मिलर्स को धान उठाना चाहिए। उन्होंने कहा इस संबंध में लेम्पस से खरीदी और फड़ में पड़े धान के विषय में जानकारी लेने की बातें कहीं।

## खबर संक्षेप

### 35 बस कंडक्टरों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण



**दंतेवाड़ा।** परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय में 35 बस कंडक्टरों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कंडक्टरों को सीपीआर श्वसन मार्ग, श्वास, परिसंचरण, रक्तस्राव नियंत्रण, फ्रैक्चर को स्थिर करना, जलने का उपचार एवं दम घुटने जैसी आपात स्थितियों में तत्काल जीवन रक्षक सहायता देने की व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही घटनास्थल की सुरक्षा, आपातकालीन आकलन, चिकित्सा आपदाओं से निपटने तथा बुनियादी संक्रमण रोकथाम पर विशेष जोर दिया गया, ताकि दुर्घटना की स्थिति में समय रहते सहायता देकर जान बचाई जा सके और स्थिति को बिगड़ने से रोका जा सके। प्रशिक्षण के साथ बस कंडक्टरों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

### कुड़कानार में हुआ एनएसएस का विशेष शिविर



**भोण्ड।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक–1 द्वारा ग्राम पंचायत कुड़कानार में आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मी मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, जन-जागरूकता, नशा के दुष्प्रभाव, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाई। स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में श्रमदान, जागरूकता रैली एवं सामाजिक गतिविधियां आयोजित की गईं। शिविर का आयोजन राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी, संभागीय समन्वयक डॉ. संजीवन कुमार एवं जिला संगठन मौसमी विश्वास के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर के समापन अवसर पर ग्राम पंचायत कुड़कानार की सरपंच सामो कश्यप, पूर्व प्राचार्य उत्तर बस्तर कोरर बीआर. नायडू, पूर्व वायुसेना अधिकारी जेपी. पात्रों, सेवानिवृत्त सेना अधिकारी जय प्रकाश मिश्रा, तोप सिंह, बामदेव देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### निधन

#### मनीष यादव

**जगदलपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम की अभिकर्ता माया यादव के भतीजे मनीष यादव का मंगलवार की शाम हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया।



अंतिम यात्रा निवास से बुधवार की सुबह मुक्तिधाम के लिए निकली। इस दौरान परिजन, समाज के लोग और एलआईसी अभिकर्ता शामिल रहे।

# बटालियन ने ग्रामीणों को बांटे जरूरत के सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार







सीआरपीएफ कैम्प 111 बटालियन कुआकोंडा में ग्रामीणों के साथ बेहतर समन्वय बनाने के लिये कैम्प में सिविक एक्शन प्रोग्राम और निःशुल्क मेडिकल शिविर आयोजित किया. कमांडेंट गोपाल यादव द्वारा कार्यक्रम में श्यामगिरी, नकुलनार, हितावर, कुआकोंडा से पहुंचे। ग्रामीणों और बच्चों को दैनिक उपयोग की सामग्री और पढ़ाई सम्बंधित सामान का निःशुल्क वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मेडिकल कैम्प लगाकर ग्रामीणों महिलाओं एवं बच्चों का निःशुल्क जांच और दवाईयां बांटी गई। आयोजित कार्यक्रम के दौरान 111 बटालियन द्वारा ग्रामीणों बीमारियों से बचाव का सुझाव भी दिया गया। यूनिट के डॉक्टर द्वारा मलेरिया, टायफाइड, जल जनित रोगों आदि से पीड़ित ग्रामीणों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। इसमें कुआकोंडा सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग की टीम भी पहुंची हुई थी। इस सिविक एक्शन प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा प्रदान कर तथा कुआकोंडा कैंप के आसपास के क्षेत्र में ग्रामीणों से सकारात्मक सामुदायिक संबंधों को मजबूत करना है। इसके अलावा, ग्रामीणों के लिए स्वल्पाहार एवं भोजन की भी व्यवस्था की भी गई थी।

# रेड क्रॉस सोसाइटी ने निजी वाहन चालकों को प्राथमिक उपचार का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर सचिव रेड क्रॉस सोसाइटी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले के निजी वाहन चालकों हेतु प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

यह प्रशिक्षण जिला परिवहन विभाग के सहयोग से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान वाहन चालकों को फर्स्ट एड बॉक्स के रखरखाव, आपात स्थिति में सीपीआर देने की विधि, सीपीआर के समय बरती जाने वाली सावधानियां, एंबुलेंस की सहायता लेने की प्रक्रिया सहित अन्य आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर डॉ. जनार्दन राव, जिला संगठन रेड क्रॉस सोसाइटी अंकित सिंह सहित संबंधित अधिकारी व वाहन चालक उपस्थित रहे।

# आयोग प्रकरणों और न्यायालयीन मामलों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा





कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अनुरूप जिले में संचालित समस्त निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फील्ड में चल रहे निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने आयोगों से प्राप्त लंबित पत्रों की जानकारी लेते हुए राज्य महिला आयोग, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, राष्ट्रीय जनजाति आयोग एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से संबंधित प्रकरणों की बारी-बारी से समीक्षा की तथा इनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने को कहा।बैठक में उच्च न्यायालय में लंबित, निराकृत एवं पारित आदेशों की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट की प्रस्तुतीकरण करने के साथ-साथ वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी न्यायालयीन प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक प्रकरण का गहन अध्ययन कर पालन प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत किया जाए। इसके अलावा कलेक्टर ने आगामी जनगणना के तहत 23 एवं 24 फरवरी को आयोजित प्रशिक्षण में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गंभीरता से भाग लेने, दिए गए दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने तथा जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक सम्पादित करने की ताकीद दी।

■ जर्जर भवनों को डिस्मेंटल शीघ्र करने के दिए निर्देश

इसके अलावा कलेक्टर ध्रुव ने नक्सल पीड़ित एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की विभागवार सेचुरेशन समीक्षा की गई। साथ ही नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत निर्माण कार्य, मॉडल स्कूल, मॉडल आंगनबाड़ी एवं पीएचई से जुड़े कार्यों की प्रगति पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। इसके अलावा उनके द्वारा विभागों से प्राप्त भूमि आबंटन के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए गए। साथ ही एनसीईएआर, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन, बैंक खाता, मनरेगा जॉब कार्ड एवं पीएम आवास योजना में शेष गैप को शीघ्र भरने पर जोर दिया गया। बैठक में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति एवं देयकों के भुगतान की स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। और अत्यंत जर्जर शासकीय भवनों (विशेषकर स्कूल भवन) को अयोग्य घोषित कर डिस्मेंटल की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने ने सीपी जीआरएमएस, मुख्यमंत्री जनदर्शन, सचिवालय, जन शिकायत पीजीएन,ई-समाधान, कलेक्टर जनदर्शन, संपर्क के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा बैठक में ग्राम मुलेर में सड़क एवं पुलिया निर्माण, मुलेर-नहाड़ी सड़क निर्माण कार्य, दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों में अधिकारियों के नियमित भ्रमण, तथा बसों में आग के खतरे की रोकथाम एवं सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों पर भी विशेष चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त पेंडिंग रिस्पॉन्स एनालिसिस, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना, शिक्षकों की उपस्थिति, पीएमएमवीवाई में मिसमैच एडब्ल्यूसी कोड एवं इंडिकेटिव टार्गेट, एचसीएम स्टेटस 2025, एफआरएस स्टेटस, टीएचआर स्टेटस, कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013 अंतर्गत सी-बॉक्स पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग, कृषि धन-धान्य योजना तथा अकांक्षी जिला, अकांक्षी विकासखंड कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ध्रुव ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि प्रत्येक बिंदु पर ठोस प्रगति सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर अद्यतन एवं हस्ताक्षरित प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित सभी विभाग के विभागीय प्रमुख उपस्थित थे।

# पालिकाध्यक्ष ने छात्राओं को दिए साइकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पुराना मार्केट बचेली में शासन की बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 10 फरवरी, मंगलवार को सरस्वती साइकिल वितरण योजना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा एवं छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, उपाध्यक्ष सतीश प्रेम चंदानी द्वारा किया गया।

इसके पश्चात अध्यक्ष ने रिबन काटकर साइकिल वितरण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। अपने भावपूर्ण उद्बोधन में उन्होंने कहा कि यह योजना बालिकाओं की नियमित उपस्थिति, आत्मनिर्भरता और शिक्षा में निरंतरता को बढ़ावा देती है। सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9वीं की गरीबी रेखा के नीचे सभी वर्गों की 42 बालिकाओं को साइकिल प्रदान की गई। इससे दूर-दराज व ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती, प्राचार्य चंद्रकला ठाकुर, वार्ड पार्षद विलासिनी धन सिंह नाग, श्यामलाल सेठिया, दीपक सरकार, मनोज सिंह, सूरज जायसवाल, एसएमसी अध्यक्ष पुष्पा सिंह, संकुल समन्वयक ज़रीना खातून, , विद्यालय शिक्षिकाएँ सुश्री मीनू डोली दयाल, लक्ष्मी कुंजाम, मधुलिका श्रीवास्तव, परीक्षा चन्नावर, टी. साहू, संगीता कौशिक, रूपा झा, रूपम दास, अरे नागमणि, नूपुर सरकार एवं अन्य शिक्षकगण का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन वंदना वहीद बेगम ने किया।

# मधुमक्खी पालन से ग्रामीणों को आजीविका का मिला नया जरिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के कुशल मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के अंतर्गत ग्रामीणों की आजीविका सुदृढ़ करने हेतु मधुमक्खी पालन एवं शहद उत्पादन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत चयनित किसानों को 6 नग मधुमक्खी बक्से मधुमक्खियों सहित, आवश्यक उपकरण तथा तीन दिवसीय वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। योजना में तकनीकी सहयोग हंबल बी संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। परियोजना की अधिकांश राशि जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) से वहन की जा रही है, जबकि हितग्राहियों में स्वामित्व की भावना विकसित करने हेतु नाममात्र का अंशदान लिया जा रहा है, जो भविष्य में उनके हित में सुरक्षित रहेगा।

योजना का आरंभिक क्रियान्वयन गीदम विकासखंड में किया जा रहा है। प्रथम चरण में बिंजाम, सियानार, समलूर, झोड़ियाबाड़म, बड़े कारली, कारली, घोटपाल, कासौली एवं कुतुलनार ग्रामों को शामिल किया गया है, जहाँ कुल 100 किसानों को वैज्ञानिक एवं तकनीकी मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जोड़ा जाएगा। तकनीकी मधुमक्खी पालन के माध्यम से हितग्राहियों को शहद उत्पादन से प्रतिवर्ष लगभग 25 हजार से 30 हजार रूपये तक की अतिरिक्त आय प्राप्त होने का अनुमान है। परियोजना के अंतर्गत उत्पादित शहद का संग्रहण एवं विपणन सहयोगी संस्था के माध्यम से किया जाएगा, जिससे किसानों को विक्रय की चिंता नहीं होगी।

ज्ञातव्य है कि मधुमक्खी पालन कम लागत, पर्यावरण-अनुकूल एवं सतत आजीविका गतिविधि है। इससे न केवल शहद, मोम, पराग एवं रॉयल जेली जैसे उत्पाद प्राप्त होते हैं, बल्कि परागण के माध्यम से फसलों की उपज में 20,30 प्रतिशत तक वृद्धि होती है। यह गतिविधि महिला स्व सहायता समूहों, पशु सखियों एवं छोटे कृषकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी तथा जैव विविधता संरक्षण और प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा देगी।

# उत्तर प्रदेश व बिहार समाज ने मनाया मिलन समारोह





हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

समिति भवन बचेली में वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में एनएमडीसी बचेली परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवा कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही कार्मिक विभाग के उप महाप्रबंधक सौरभ मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त एसकेएमएस यूनियन के सचिन जागेश्वर प्रसाद, संतोष टंडन, रमेश सेठिया एवं अन्य समाजों के पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

■ पारंपरिक गीतों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोह लिया

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा रामलाल के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिसके बाद समाज की महिलाओं पुष्पा वर्मा, निशा तिवारी एवं परीयोजना के रामस्वरूप यादव उप महाप्रबंधक वित्त के द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक गीतों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

समिति के अध्यक्ष अजय कुमार बंसल ने स्वागत भाषण में समाज द्वारा मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखंड अलग-अलग राज्य होने के बावजूद तीनों राज्यों के लोगों में आपसी भाईचारा, स्नेह और एकता देखने को मिलती है। हम अन्य समाजों के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित कर अपनी संस्कृति साझा करते हुए सभी को साथ लेकर आगे बढ़ने की कामना करता है। इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही समाज के वरिष्ठ सदस्यों सभाजित सिंह, मनोहर सिंह, एससी सिंह, देव नारायण वर्मा एवं महेन्द्र अधिकारी जी को भी शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन आनन्द पांडे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर समाज के तरफ से कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का एवं सदस्यों का अपनी उपस्थिति देने के लिये धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों एवं समाज के सभी सदस्यों के लिये रात्रि भोज की व्यवस्था की गई थे, जिसमे सभी नें आनंद उठाया ।

इस कार्यक्रम को आयोजन करने में मुख्य तौर पर अजय कुमार बंसल, साखबीर सिंह चौहान, कमलेश दुबे, संजय कुमार सिंह, महेन्द्र केसरी, अक्षय लाल, राजेंद्र प्रसाद, दीनानाथ, रंजीत सिंह, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, श्रीकांत शर्मा आदि का भरपूर सहयोग रहा।





# रक्तदान शिविर में 11 यूनिट रक्त संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बीजापुर द्वारा भारतीय यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के बैनर तले 11 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी से जुड़े छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 11 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला रेडक्रॉस शाखा, बीजापुर तथा जिला अस्पताल, बीजापुर के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं युवाओं में सेवा और मानवीय संवेदनाओं का विकास करना रहा।

इस अवसर पर जिला संगठन नर्वेद सिंह, डॉ. सीके राहंगडाले, प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर, नायक प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बीजापुर, चितरंजन लाल, प्रभारी अधिकारी रेडक्रॉस शाखा, शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर सहित संस्थान के स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई।

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र./क/तह./2024-25
तोकापाल दिनांक, 29/01/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश नाग पिता सदा नाग जाति माहरा निवासी ग्राम पोटानार तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने दादी रया/बोगा मृत्यु तिथि 13/8/2014 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत पोटानार के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 12/02/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 29/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 12/02/26

मुहर
**तहसीलदार**
**तोकापाल**

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र./क/तह./2024-25
तोकापाल दिनांक, 09/02/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुवन कश्यप पिता गोबरू कश्यप जाति मुरिया निवासी ग्राम सिंगनपुर तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पिता गोबरू कश्यप पिता भरसु कश्यप मृत्यु तिथि 14/02/2012 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत सिंगनपुर के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 23/02/26 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 09/02/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 23/02/26

मुहर
**तहसीलदार**
**तोकापाल**

# पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत संजीवनी सोनोग्राफी सेंटर का निरीक्षण



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट जिला सलाहकार समिति द्वारा जिले में संचालित निजी संजीवनी सोनोग्राफी सेंटर के लाइसेंस नवीनीकरण हेतु निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समिति ने सेंटर में संचालित सोनोग्राफी मशीन, आवश्यक अभिलेख, पंजी संधारण, रिपोर्टिंग व्यवस्था तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट के समस्त मापदंडों का गहनता से परीक्षण किया। साथ ही नियमों के पालन, पारदर्शिता एवं भ्रूण लिंग परीक्षण पर रोक संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर समिति सदस्य डॉ. संजय बघेल, डॉ. नमन सांखला, जिला नोडल अधिकारी प्रतीक सोनी एवं जिला सलाहकार अंकित सिंह उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## मेटगुडा ने करमरी को हराकर खिताब पर किया कब्जा



**जगदलपुर।** अघनपुर क्रिकेट क्लब कंगोली में वार्ड एवं ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। यह प्रतियोगिता 15 जनवरी से प्रारंभ हुई थी, जिसमें 32 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला मेटगुडा एवं करमरी टीम के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए करमरी की टीम ने 12 ओवर में 106 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। जवाब में मेटगुडा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10.2 ओवर में मात्र 2 विकेट खोकर 107 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया और खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मैच के मुख्य अतिथि महापौर संजय पांडे और अध्यक्षता नगर निगम में राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने की। विशिष्ट अतिथि अमित रामटेके एवं टीआई बुधराम नाग रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए अतिथियों ने प्रेरित किया। साथ ही अघनपुर क्रिकेट क्लब के मैदान को बेहतर बनाने सहयोग का आश्वासन दिया गया।

व्यक्तिगत पुरस्कारों में मैन ऑफ द सीरीज एवं मैन ऑफ द मैच विजय मेटगुड़ा, बेस्ट बैट्समैन सोनू करमरी, बेस्ट बॉलर रघु अघनपुर रहे। संचालन सुरेश कश्यप ने किया।

# समय सीमा पर निर्माण कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों की पीडब्ल्यूडी बना रहा कुंडली

## खराब प्रदर्शन करने वाले ठेकेदारों पर होगी सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

फॉलोअप

लोक निर्माण विभाग समय पर निर्माण कार्य पूरा न करने वाले और काम में धीमी गति बरतने वाले ठेकेदारों की कुंडली (रिकॉर्ड) तैयार कर रहा है। खराब प्रदर्शन करने वाले ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने और उन पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जिले के विकास कार्यों को समय पर गति मिल सके। निर्धारित समय सीमा के भीतर काम न करने वाले ठेकेदारों को चिह्नित किया जा रहा है। विभाग ने सड़क और भवन निर्माण कार्यों में देरी करने वाले ठेकेदारों पर सख्ती बढ़ा दी है, जो ठेकेदार समय पर काम पूरा नहीं करेंगे, उन पर पेनाल्टी लगाई जाएगी और नोटिस जारी होगा। बस्तर संभाग के सातों जिलों में विभाग के 5 अरब 88 करोड़ 89 लाख 23 हजार रुपए की लागत के 35 निर्माण कार्य प्रगति में हैं। पीडब्ल्यूडी जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता ने कार्यपालन अभियंताओं को फील्ड पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। पेच रिपेयरिंग के बाद सड़कें पूरी तरह समतल और स्मूथ रहने पर खास जोर दिया। इसके साथ ही परफॉर्मेंस गारंटी वाली सड़कों का थर्ड पार्टी परीक्षण अनिवार्य रूप से कराने और रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक सुधार करवाने को कहा जाएगा।

**खास बातें**

- सड़क व भवन निर्माण कार्यों में देरी करने वाले ठेकेदारों पर होगी सख्ती
- कार्यपालन अभियंताओं को फील्ड पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश





**देरी पर विभाग सख्त**

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने साफ किया कि किसी भी परियोजना में अनावश्यक देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग की जिम्मेदारी है कि बेहतर सड़कें, मजबूत भवन और समय पर पूरा काम जनता को उपलब्ध कराया जाए।

### सड़क चौड़ीकरण,नाली व पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन

# जलभराव की समस्या का होगा स्थायी समाधान : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट थाना से कमिश्नर कार्यालय तक अधोसंरचना मद से प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण एवं पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, महापौर संजय पांडेय एवं अन्य अतिथियों की मौजूदगी में हुआ।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग और क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण होने से आवागमन सुगम होगा तथा राहगीरों और नागरिकों को राहत मिलेगी। साथ ही नाली और पुलिया निर्माण से जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान होगा।





महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। यह मार्ग शहर का महत्वपूर्ण और व्यस्त मार्ग है, जहां सड़क संकरी होने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से आम नागरिकों को परेशानी होती थी। इस कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र का समग्र विकास होगा, यातायात व्यवस्था सुधरेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रहा है।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, संजय विश्वकर्मा, संग्राम सिंह राणा, पार्षद गिरिजा गुप्ता, नरसिंह राव, खगेंद्र ठाकुर, श्याम सुंदर बघेल, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज सहित पार्टी के कार्यकर्ता एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बस्तर पंडुम से बस्तर को मिली वैश्विक पहचान : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- माओवाद और हिंसा की छवि की जगह विकास और शांति का बन रहा माहौल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बस्तर संभाग को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया है। जारी बयान में उन्होंने कहा कि बस्तर में आज विकास की बयार चल रही है। बस्तर अंचल की सोच अब तेजी से बदल रही है। बस्तर अंचल की कलाकृति, समृद्ध जनजातीय संस्कृति, सरल जीवन, प्राकृतिक सौंदर्यता आज दुनिया में सबसे ज्यादा लोकप्रिय हुआ है। बस्तर पंडुम एवं बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस भव्य आयोजन में शामिल होकर बस्तर की संस्कृति को अलौकिक बताया, वहीं केन्द्रीय गृह अमित शाह बस्तर को एक विकसित अंचल बनाने के लिए कार्य कर रहें है।

उन्होंने कहा कि आज बदले हुए बस्तर की झलक हाल ही में आयोजित बस्तर पंडुम महोत्सव में देखने को मिली जिसकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया के माध्यम से खुले दिल से सराहना की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि बस्तर पंडुम ने बस्तर की संस्कृति, परंपरा और जनजातीय विरासत को राष्ट्रीय मंच पर मजबूती से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जब बस्तर का नाम सुनते ही माओवाद और हिंसा की छवि सामने आती थी लेकिन आज यह क्षेत्र विकास शांति और स्थानीय लोगों के बढ़ते आत्मविश्वास के लिए जाना जा रहा है। बस्तर की पहचान अब केवल संघर्ष की नहीं बल्कि सांस्कृतिक संभावनाओं की भूमि के रूप में उभर रही है। आने वाला समय बस्तर के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि लेकर आएगा।

# रेलवे क्रासिंग में मरम्मत कार्य होने से लगी लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पटरी और सड़क निर्माण होने से घंटों खड़े रहे लोग





शहर के समीप आड़ावाल से कुरंदी जाने वाले मार्ग पर रेलवे क्रांसिंग में दोपहर में दोनों और लंबी कतारें वाहनों की लगी रही। यहां रेलवे पटरी में और क्रासिंग में सड़क मरम्मत का काम होने से रेलवे प्रशासन ने क्रासिंग में स्टाप का बोर्ड लगा दिया था। जिसके चलते आने जाने वालों को घंटों परेशान होना पड़ा। गौरतलब है कि भारी वाहनें ट्रक और अन्य वाहन बाइपास मार्ग होने से केशलुर-मारेंगा की ओर जाती है। रेलवे क्रासिंग में एक साथ सभी काम होने से लोगों को काफी परेशानी हुई। आसपास और कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं होने से लोग तपती धूप में गेट खुलने के इंतजार में खड़े रहे। यहां लंबे समय से ओवरब्रिज की मांग की जा रही है लेकिन रेलवे प्रशासन अरबों की आमदनी के बावजूद पहल नहीं कर रहा है। यही कारण है कि यात्री और मालवाहक रेल के दिन में दर्जन भर से अधिक बार गुजरने से रेलवे क्रासिंग को बंद किया जाता है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आने जाने वाले लोग दिन भर में कई बार रेलवे फाटक पर खड़े रहते हैं।

## अंत्योदय से ही सार्वभौमिक विकास की सिद्धि संभव : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पुण्यतिथि पर याद किए गए पं. दीनदयाल, भाजपा ने मनाया समर्पण दिवस



भारतीय जनता पार्टी ने आज जनसंघ के संस्थापक सदस्य व एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनायी और उन्हें याद किया। जिले के सभी तेरह मण्डलों में समर्पण दिवस का आयोजन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये और उनके बताये मार्ग व विचारों पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

भाजपा जिला कार्यालय में समर्पण दिवस व पुष्पांजलि कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव भी सम्मिलित हुये। उन्होंने पुण्य स्मरण व नमन करते हुये कहा कि अंत्योदय से ही सार्वभौमिक विकास की सिद्धि संभव है। एकात्म मानववाद के प्रणेता पं.दीन दयाल उपाध्याय की स्पष्ट मान्यता थी कि बिना समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के विकास का कोई भी मॉडल बेमानी है। विकास के किसी भी प्रक्रम में अगर गरीब के जीवन स्तर में सुधार नही आता है तो वह प्रक्रम सार्थक नही कहा जा सकता। पंडित जी की इस अवधारणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे चल रही केंद्र सरकार ने साकार किया है। वर्तमान विकास मॉडल में 25 करोड़ लोग विगत 10 वर्षो में गरीबी रेखा से बाहर आये है एवं आज राज्य और केंद्र सरकार पं. दीनदयाल जी के सपनों को साकार करने के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है और भारत को गरीबी से मुक्त करने के लिए सार्थक योजनाओं का क्रियान्वयन निरंतर कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन मूल्यों व विचारों को आत्मसात कर संगठन को सशक्त बनाते हुये समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य व परिश्रम करें।

पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप व जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने भी संबोधित किया व श्रद्धा पुष्प अर्पित किये। नगर महामंत्री दिगम्बर राव ने संचालन किया।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर पूर्व विधायक लच्छू राम कश्यप, महापौर संजय पाण्डेय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, योगेन्द्र पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष आर्येन्द्र आर्य, नरसिंह राव, सफीरा साहू, जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही, पूर्व पश्चिम नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा व अविनाश श्रीवास्तव, श्रीधर ओछा, राजेन्द्र बाजपेयी, सुरेश गुप्ता, संजय चंद्राकर, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेश सिंह ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष माहेश्वरी ठाकुर, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिलाष यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## मिस फेयरवेल, मिस आज्ञाकारी और मिस बातूनी का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगत सिंह में कक्षा 12वीं के बच्चों को भावभीनी विदाई दी गई। मिस फेयरवेल सविता, मिस आज्ञाकारी अनीता एवं मिस बातूनी हिमा को सम्मानित किया गया। खेलकूद में प्रथम आने पर साक्षी को गोल्ड , अंजलि को सिल्वर और प्रियंका को ब्रोंज मेडल से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आनंद मेला में जिन बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजन बनाए उन बच्चों को प्राचार्य ने प्रोत्साहित किया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने शानदार नृत्य किया। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने कक्षा 12वीं के बच्चों को उनके करियर के लिए मार्गदर्शन देते उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्राचार्य विनीता बेंजामिन शिक्षिका आशा पटनायक, नीतू शर्मा, अंजू रावते, किरण महापात्र, अनामिका शर्मा, योजना देवांगन, भारती नामदेव, रोशनी शिंदे, पूजा गुप्ता, खिलेंदी बघेल, शिक्षक अनिल शुक्ला, अभिराम पटेल, सतपाल शर्मा, किरण चौहान और चन्द्र प्रकाश देवांगन उपस्थित रहे। फेयरवेल कार्यक्रम की प्रभारी नीतू शर्मा रही।



### नर्सिंग विद्यालयों ने किया नए सफर का आगाज

**जगदलपुर।** शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में मंगलवार को सेवा संवेदना और संकल्प का साथी बना जब वार्षिक लैम्प लाइटिंग एवं ओथ टैकिंग का समारोह का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ नर्सिंग विद्यार्थियों ने जब मानव सेवा की शपथ ली तो पूरा वातावरण जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना से भर उठा। मुख्य अतिथि मेकाज के डीन डॉ. प्रदीप बेक, अतिथि सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, डॉ. सी मैत्री ने विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि नर्सिंग सेवा करुणा, त्याग और धैर्य का संगम है। संस्था की प्राचार्या तृप्ति सोनी ने शैक्षणिक उपलब्धियों प्रशिक्षण व्यवस्था और संस्थान की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को वैश्विक मानको के लिए तैयार कर रहा है। कार्यक्रम के आयोजक अंजु बोदलकर, किरण ओगर एवं तुलावती कश्यप ने अपने नवाचारी दिमाग, सृजनात्मक मन से कार्यक्रम को नया रुप दिया। खोमेश्वरी चक्रधारी, प्रियंका मेश्राम, रुबी फिलिप, पूजा नेताम, प्रभा नाग, अनिता गुप्ता के प्रयास से विद्यार्थियों ने मोमबत्ती जलाकर शपथ ग्रहण लिया। विद्यार्थियो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें आशा साहू और रमा नायर शामिल रही।

### समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# आवेदनों का समय सीमा में करें निराकरण : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करें, अन्यथा संबंधित कर्मचारी को अर्थदण्ड अधिरोपित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि शासन के महत्वपूर्ण निर्देशों का और प्राथमिकता वाले योजनाओं के क्रियान्वयन को समय सीमा में पूरा किया जाना है। उक्त विषय की समीक्षा हर साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में होगी, इसकी जानकारी सभी विभाग अद्यतन कर रखें। कलेक्टर आकाश बुधवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक ले रहे थे।

बैठक में कलेक्टर ने सम्पूर्णता अभियान के संकेतकों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी अपने अनुभाग क्षेत्र में पीडीएस दुकानों के निगरानी समिति का गठन करवाएं। तहसीलदारों के द्वारा एमआईएस एंट्री, राजस्व सर्वे, डिजिटल ब्लॉक सर्वे, खसरा का सर्वे और अभिलेख शुद्धिकरण के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए ।

बैठक में कलेक्टर ने खाद्य विभाग से कस्टम मिलिंग के चावल को नियमानुसार जमा करवाने, धान का उठाव की स्थिति, चावल उत्सव का आयोजन, खाद्यान भण्डारण की स्थिति, एफआरके के तहत भण्डारण की स्थिति और ई-केवाईसी की स्थिति की समीक्षा किए। महिला एवं बाल विकास विभाग के सक्षम आंगनबाड़ी, पोषण ट्रैकर के तहत पोषण आहार सामग्री वितरण, मातृ वंदना योजना की प्रगति, 0-6 वर्ष के बच्चों का सेल्फ आधार की जानकारी, बच्चों का आधार नंबर पोषण ट्रैकर पोर्टल पर एंट्री की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संस्थागत प्रसव, हाई रिस्क प्रेगेंनेंसी का चिंहाकन कर उपचार हेतु कार्यवाही, आभा आईडी, आयुष्मान एवं वय वंदना कार्ड के प्रगति का संज्ञान लिया। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के प्रगति हेतु 19 फरवरी को आयुष्मान कार्ड का विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए, जिसमें लंबित वाले गांवों के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके ।

कलेक्टर ने कहा कि उल्लास साक्षरता अभियान के तहत असाक्षर व्यक्तियों का सर्वे कर जानकारी दें ताकि शत-प्रतिशत साक्षर जिला का लक्ष्य को पूरा किया जा सके। उन्होंने पीएम श्री स्कूल के आवश्यक निर्माण कार्यो की प्रगति एवं मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के निर्माण का सत्यापन करवाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल एवं ऋषिकेश तिवारी, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

**टीकाकरण में एक भी बच्चा नहीं छूटना चाहिए**

कलेक्टर ने कहा कि नवजात बच्चों का टीकाकरण समय पर पूर्ण करवाएं, लक्ष्य के आधार पर कार्यवाही कर आरसीएच पोर्टल पर संख्या दर्ज करवाएं। टीकाकरण में एक भी बच्चा नहीं छूटना चाहिए। अस्पतालों में एएनएम की अनुपस्थिति में टीकाकरण हेतु लिंक कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई जाए। साथ ही कोल्ड चैन से दवाइयों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें।

